GANGA®
Acrowools
KNITTING YARN

WARM N SOFT

नाप	लम्बाई– 20 इंच, चौड़ाई– 12 इंच
सामग्री	गंगा की वार्म एन सॉफ्ट ऊन
शेड न0	WS-07, WS-08
सलाई न0	10(3.25mm) - 9(3.50) - 2(Fine) व सिलने वाली सई
क्रोशिया न0	9(3.50) - 2(Fine) व सिलने वाली सुई
कुल ऊन	200 ग्राम

फ्राक बनाने की विधी– 100 की चेन बनाकर काले रंग की ऊन से पहली पंक्ति को पूरा करें। दूसरी पंक्ति में चेन में ट्रे. भरकर 2 लाइन बनाकर 2 पंक्तियां बना लें। चौथी पंक्ति में गुलाबी रंग की ऊन लगाकर 1 ट्रे., 2 चेन, 1 ट्रे. से पंक्ति को पूरा करें। पांचवी पंक्ति में प्लेन ट्रे. से गोल राऊँड में ट्रे. को बढ़ाते हुए पंक्ति को पूरा करें। 6वीं पंक्ति में भी ट्रे. को बढ़ाते हुए पंक्ति को पूरा करें। इसी प्रकार डिज़ाइन को बुनते हुए 17 पंक्तियों का डिज़ाइन बनाकर 7–7 इंच का कंधा दोनों साइड निकालकर, बीच वाला भाग 12 इंच का रखकर ट्रे. बुनते हुए 12 इंच का आगे वाला, 12 इंच का पीछे वाला भाग गोल राऊँड में बुनते हुए 2 पंक्तियां गुलाबी ऊन से बनाकर, काले रंग की ऊन लगाकर 4 पंक्तियां ट्रे. से बना लें। अब आप आगे और पीछे के भाग अलग–अलग बुनें। पिछले भाग के 90 फंदे उठाकर सीधी–उल्टी सलाई से 2 सलाईयां बनाकर डिज़ाइन शुरू करें। अगली सलाई में 7 फंदे सीधे, 1 जाली, 7 फंदे सीधे से सलाई को पूरा करें। इसी प्रकार डिज़ाइन को बुनते हुए 8 इंच का पिछला भाग बनाकर उल्टे–उल्टे फंदों से 12 सलाईयां बनाकर फंदों को बंद करके पिछला भाग तैयार करके इसी प्रकार अगला भी भाग तैयार करके दोनों भागों को सिलकर फ्रॉक को तैयार कर लें।